बेटा जो बुलाए माँ को आना चाहिए

मैया जी के चरणों मे ठिकाना चाहिए |
बेटा जो बुलाए माँ को आना चाहिए ||

सुन लो ऐ माँ के प्यारो, तुम प्रेम से पुकारो |
आएगी शेरा वाली, जगदम्बे मेहरावाली ||
वो देर ना करेगी, झोली सदा भरेगी |
पूरी करेगी आशा, मिट जायेगी निराशा ||
बिगड़े कर्म सवारे, भव से वो सब को तारे |
श्रद्धा और प्रेम से ध्याना चाहिए,
बेटा जो बुलाए माँ को आना चाहिए ||

तिरलोक चंद राजा, था भक्त वो भी माँ का |
जो बंदगी बिछायी संग खेले महामाई ||
देखा जो बूंद पानी, कहने लगा भवानी |
पानी कहाँ से आया, कैसी रचाई माया ||
कैसा यह माजरा है, मेरा तो दिल डरा है ||
माँ इसका राज़ खोलो, अब कुछ तो मुह से बोलो |
कहने लगी भवानी, ऐ मूल अज्ञानी ||
मुझ को ना आजमाओ, पानी को भूल जाओ |
जिद्द ना करो ऐ राजा, कुछ तो डरो ऐ राजा ||
बोला वो अभिमानी, मैंने भी मन मे ठानी |
के राज़ जान लूँगा, हर बात मान लूँगा ||
तब मैया बोली, राजा ना भूल जाना वादा |
सच सच तो मै कहूँगी, फिर पास ना रहूंगी ||
सागर मे डोले नैया, मेरा भक्त बोले मैया |
हर दम तुझे ध्याऊं, फिर भी मै डूब जाऊं ||
कश्ती बचाओ माता, श्रद्धा दिखाओ माता |
मै उसकी भी तो माँ थी, यहाँ भी थी वहां भी ||
चंचल सूना कहानी, गायब हुई भवानी |
पचता रहा था राजा, चिल्ला रहा था राजा ||
शक्ति को ना कभी आजमाना चाहिए |
बेटा जो बुलाए माँ को आना चाहिए ||

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/94/title/Beta-Jo-Bulaye-To-Maa-Ko-Aana-Chahiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |